नमो नमः श्री गुरु राम-जगच्चन्द्र सूरये।।

वै.व.४, २०७२
26-5-2016
Khetarvasi
Patan

श्रीसिद्धहेमचन्द्रशब्दानुशासनम्

अध्याय ७ (कर्ता- हेमचन्द्राचार्य जी)
(चन्द्रकान्त भाई पंडितजी, पाटण)

यः ७-१-१ ★

सूत्रार्थ - यहाँ से आगे जो भी बताएँगे, उसमें ईय प्रत्यय के पहले तक (७-१-२८) य प्रत्यय अधिकृत जानना।

वहति रथ-युग-प्रासङ्गात् ७-१-२ ★

सूत्रार्थ - द्वितीयान्त ऐसे इन शब्दों से 'वहति' वहन करने अर्थ में य प्रत्यय होता है।
'तमर्हति' ६-४-१७७ सूत्र से तम् का अधिकार चालू है। इससे द्वितीयान्त अर्थ लिया।

eg.
1. द्वौ रथौ वहति इति द्विरथ्यः (दो रथ को चलाने वाला)
2. युगं वहति इति युग्यः (युग यानि धुरा अथवा ५ वर्ष का काल, उसे चलाने वाला)
3. प्रासङ्गं वहति इति प्रासङ्ग्यः (वत्स-बछड़े के दमन काल में जो काष्ठ उसके स्कन्ध पर लगाया जाता है, वह प्रासङ्ग, उस काष्ठ को वहन करने वाला)

विशेष ① प्र. जो रथ को चलाता है, वह रथ का वोढा (वह्+तृच्) होता है। 'रथात्सादेश्च वोढ्रङ्गे ६-३-१७५' सूत्र से वोढृ अर्थ में रथ शब्द से य प्रत्यय कहा गया है। तो फिर यह सूत्र वापस क्यों बनाया?

उ. इस सूत्र से रथ्यः प्रयोग सिद्ध होता है। किन्तु 'द्विरथ्यः' ऐसा द्विगु समास वाला प्रयोग उस सूत्र से सिद्ध नहीं होता क्योंकि द्विगु समास में वह सूत्र लगाने पर 'द्विगोरनपत्ये यस्वरादेर्लुबद्विः ६-१-२४' सूत्र से य प्रत्यय का लोप होकर 'द्विरथः' प्रयोग सिद्ध होता है। अतः 'द्विरथ्यः' ऐसे प्रयोग को सिद्ध करने के लिए यह सूत्र फिर से बनाया गया। यह सूत्र लगाने पर ६-१-२४ सूत्र नहीं लगेगा क्योंकि प्राग्जितीयत्व यहाँ नहीं है।

② प्रासङ्ग शब्द अर्थ यदि प्रसङ्गाद् आगतं आदि लेंगे तो यह सूत्र नहीं लगेगा क्योंकि यहाँ 'वत्सदमनस्कन्धकाष्ठम्' अर्थ ही लेना है।

धुरो यैयण् ७-१-३ ★

संधि विग्रह - धुरः य-एयण्

सूत्रार्थ - द्वितीयान्त ऐसे धुर् शब्द से वहति अर्थ में य और एयण् प्रत्यय होते हैं।

eg. धुरं वहति यः इति धुर्यः, धौरेयः।

विशेष ① वहति अर्थ में धुर् शब्द से अण् प्रत्यय का बाध करने के लिए यह सूत्र बनाया है।
② अन्य मत वाले यट् और एयकण् प्रत्यय का विधान करते हैं। धुर्यः, धौरेयकः

यहाँ यट् प्रत्यय टित् होने से स्त्रीलिंग में ङी प्रत्यय लगेगा।
धुरं वहति या इति धुरी
धुर् + य = धुर्य + ङी 'अणञेयकण्-नञ्-स्नञ्-टितम् 2-4-20'
धुरी 'व्यञ्जनात् तद्धितस्य 2-4-88' से य लोप

★ वामाद्यादेरीनः 7-1-4

सूत्रार्थ वाम आदि पूर्वपद में हो जिसके ऐसे द्वितीयान्त धुर् शब्द से वहति अर्थ में ईन प्रत्यय होता है।

eg. 1. वामा चासौ धूश्च वामधुरा / वामधुर् + अत् 'धुरोऽनक्षस्य 7-3-77' से अत् समासान्त
वामधुर + आ (आप्) 'आत् 2-4-18'
वामधुरा तां वामधुरां वहति इति वामधुरीणः

★ अश्चैकादेः 7-1-5

सूत्रार्थ एक पूर्वपद में हो जिसके ऐसे द्वितीयान्त धुर् शब्द से वहति अर्थ में अ और ईन प्रत्यय

eg. एकधुरः = एकस्य धूः इति एकधूः अथवा एका चासौ धूश्च ~~एकधूः~~ एकधुरा ....
एकधुरीणः पूर्ववत्

★ हलसीरादिकण् 7-1-6

सूत्रार्थ हल और सीर (ऐसे द्वितीयान्त) से वहति अर्थ में इकण् प्रत्यय।

eg. हल + इकण् = हालिकः, सीर + इकण् = सैरिकः (किसान) [7-4-1 वृद्धि, अ 7-4-68 अ लोप]

★ शकटादण् 7-1-7

सूत्रार्थ द्वितीयान्त ऐसे शकट शब्द से वहति अर्थ में अण् प्रत्यय।

eg. शकट + अण् = शाकटो गौः

विशेष प्र. 'तस्येदम् 6-3-160' सूत्र से शकट शब्द से अण् प्रत्यय और 'हल-सीरादिकण् 6-3-161' सूत्र से हल-सीर शब्द से पर इकण् प्रत्यय सिद्ध ही है, तो ये दोनों सूत्र क्यों बनाएँ?

उ. क्योंकि द्विगु समास में इन शब्दों से पर 'द्विगोरनपत्ये य-स्वरादे र्लुबद्विः 6-1-24' से ये प्रत्यय लोप होने वाले थे। अतः द्विगु समास में भी लोप न करने के लिए यह सूत्र बनाया।

★ विध्यत्यनन्येन 7-1-8

संधि विग्रह विध्यति अनन्येन

सूत्रार्थ द्वितीयान्त ऐसे नाम से विध्यति (बींधने की क्रिया में) अर्थ में य प्रत्यय होता है, यदि व्यधन क्रिया अन्य करण से न हो तो।

eg. पादौ विध्यन्ति इति पद्या: शर्करा: । शर्कर यानि काच के टुकड़े, पत्थर आदि। शर्कर पैरों को बींधते हैं और स्वयं खुद से ही बींधते हैं, अन्य करण से नहीं। इसलिए उस अर्थ में कर्म को य प्रत्यय हुआ।

पाद + य 'हिम-हति-काषि-ये पद् 3-2-96' से पद् आदेश।

पद्य ⇒ पद्या: शर्करा:

★ धनगणं लब्धरि 7-1-9

सूत्रार्थ धन और गण (द्वितीयान्त) शब्द से लब्धृ अर्थ में य प्रत्यय।

लभ् + तृन् = लब्धृ । तृच् नहीं लेना।

eg. धनं लब्धा इति धन्य:, गणं लब्धा गण्य: । यदि तृच् लेंगे तो 'धनस्य लब्धा' ऐसा विग्रह होगा और षष्ठी वि. होने से सूत्र नहीं लगेगा।

★ णोऽन्नात् 7-1-10

सूत्रार्थ द्वितीयान्त ऐसे अन्न शब्द से लब्धृ अर्थ में ण: प्रत्यय।

eg. अन्नं लब्धा आन्न: ।

★ हृद्य-पद्य-तुल्य-मूल्य-वश्य-पथ्य-वयस्य-धेनुष्या-गार्हपत्य-जन्य-धर्म्यम् 7-1-11

सूत्रार्थ ये सब शब्द य प्रत्ययान्त विशेष अर्थों में निपातन होते हैं।

eg. 1. हृद्य = हृदयस्य प्रियं बन्धनं वशीकरणमन्त्रं वा। 'हृदयस्य हृल्लासलेखाण्ये 3-2-94' से हृद् आदेश। हृदय को प्रिय औषध, देश। हृदयस्य बन्धन: हृद्यो वशीकरणमन्त्र:। निपातन रूढ़ि के लिए है, अत: यहाँ नहीं होगा हृदयस्य प्रिय: पुत्र:।

2. पद्य = पदं दृश्यं अस्मिन् (जिसमें पगधीर दिखें) पद्य: पङ्क: ।

3. तुल्यं = तुलया सम्मितं। तुल्य भाण्ड और सदृश अर्थ निपातन।

4. मूल्य = धान्य या बेचने से जो प्राप्त हो वह। यह अर्थ निपातन।

5. वश्य= वशं गतः (वश में गया हुआ) गौः।

6. पथ्य= पथः अनपेतं पथ्यं। अनपेत यानि युक्त। निपातन होने खाद्य वस्तु संबंधी ही अर्थ रहेगा, 'पथ्यः वाहनः' प्रयोग नहीं होगा।

7. वयस्य= वयसा तुल्यः यः। मित्र अर्थ में निपातन, शत्रु यदि समान वय वाला होगा तो भी वयस्य नहीं कहा जाएगा।

8. धेनुष्या= प्रधान गाय अर्थ में धेनु शब्द से य प्रत्यय, ष् का आगम। निपातन होने से 'गोपालक द्वारा पैसे लेने के लिए दी हुई गाय' ऐसा अर्थ लेना।
[गोपालक ने किसी सेठ को कहा कि 'आप मुझे इतने पैसे दो, मैं दो साल तक आपको इस गाय का दुध दूँगा।] इस प्रकार पीतदुग्धा इस गाय की प्रसिद्धि है।

9. गार्हपत्य= गृहपतिना संयुक्तः। ञ्यः प्रत्ययः। निपातन से 'गृहपति द्वारा घर में रखी हुई अग्नि' अर्थ लेना। [ब्राह्मणों, याज्ञिकों आदि के घर में सालों से यह अग्नि जलती ही रहती है]

10. जन्य= जनीं जनीं वहन्ति। जनी यानि वधू, वधू को वहन करने वाले जमाई के मित्र।
अथवा
जनस्य अपत्यः जन्यः।

11. धर्म्य= धर्मेण प्राप्यं अथवा धर्मति अनपेतं। सुख अर्थ में निपातन।

★ नौ-विषेण तार्य-वध्ये 7-1-12

सूत्रार्थ तृतीयान्त ऐसे नौ और विष शब्द से तार्य (तैरने योग्य) और वध्य (मारने योग्य) अर्थ में क्रमशः य प्रत्यय।

eg. 1. नावा तार्या= नाव्या नदी (नाव से तैरने योग्य नदी)

2. वधं अर्हति वध्यः 'दण्डादेर्यः 6-4-178' से य प्रत्यय।
विषेण वध्यः विष्यः गजः (विष से मारने लायक हाथी)

★ न्यायाऽर्थादनपेते 7-1-13

सूत्रार्थ पञ्चम्यन्त न्याय और अर्थ शब्द से अनपेत (युक्त) अर्थ में य प्रत्यय।

eg. न्यायादनपेतं न्याय्यम् | अर्थादनपेतं अर्थ्यम्

मतमदस्य करणे 7-1-14

★ सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त मत और मद शब्द से करण अर्थ में य प्रत्यय।

eg. 1. मतस्य करणं मत्यम् । मत = इष्ट, साम्य, ज्ञान, मति।

2. मदस्य करणं मद्यम् (मद नशे को करने वाला)

तत्र साधौ 7-1-15

★ सूत्रार्थ तत्र = सप्तम्यन्त शब्द से साधु अर्थ में य प्रत्यय। साधु = प्रवीण, योग्य, उपकारक

eg. 1. सभ्यः = सभायां साधुः
भा = दीप्ति, भया सह वर्तते या सा सभा।

2. शरणे साधुः शरण्यः

3. कर्मणि साधुः कर्मण्यः (क्रिया करने में कुशल)

पथ्यतिथिवसतिस्वपतेरेयण् 7-1-16

★ सूत्रार्थ पथिन् अतिथि, वसति, स्वपति शब्द से 'तत्र साधु' अर्थ में एयण् प्रत्यय।

eg. 1. पथि साधुः पाथेयम्, आतिथेयम्, वासतेयम्, स्वापतेयम् (स्व = द्रव्य, स्वपति = द्रव्य का मालिक)

भक्ताण्णः 7-1-17

★ सूत्रार्थ भक्त शब्द से 'तत्र साधु' अर्थ में ण प्रत्यय।

eg. भक्ते साधुः = भाक्तः (शालिः)

पर्षद्यो ण्य-णौ 7-1-18

★ सूत्रार्थ पर्षद् शब्द से 'तत्र साधु' अर्थ में ण्य और ण प्रत्यय।

eg. पर्षदि साधुः पार्षद्यः पार्षदः।
अन्य मत- परिषद् शब्द → पारिषद्यः पारिषदः

सर्वजनाण्ण्येनञौ 7-1-19

★ सूत्रार्थ सर्व-जन शब्द से 'तत्र साधु' अर्थ में ण्य ईनञ् प्रत्यय।

eg. सर्वे च ते जनाश्च सर्वजनाः तेषु सर्वजनेषु साधुः सार्वजन्यः सार्वजनीनः

PAGE NO.
DATE / /

★ प्रतिजनादेरीनञ् 7-1-20

सूत्रार्थ प्रतिजन आदि शब्दों से 'तत्र साधु' अर्थ में ईनञ् प्रत्यय।

eg. 1. प्रतिकूलः प्रतीतो वा जनः प्रतिजनः 'तत्र साधु' प्रातिजनीनः।

2. अनुकूलः अनुरूपो वा जनः अनुजनः → आनुजनीनः।

→ विश्वजनः पञ्चजनः महाजनः इदंयुगः समयुगः परयुगः परस्यकुल अमुष्यकुल।

इदंयुगे साधुः = ऐदंयुगीनः धर्मः

★ कथादेरिकण् 7-1-21

सूत्रार्थ सप्तम्यन्त कथादि शब्दों से 'तत्र साधु' अर्थ में इकण् प्रत्यय।

eg. कथायां साधुः काथिकः। विशिष्टा विपरीता विकृता वा कथा विकथा 'तत्र साधु' वैकथिकः।

विश्वकथा, संकथा, वितण्डा, जनवाद, जनेवाद, वृत्ति, संग्रह, गुण, गण, आयुर्वेद, कुल्माष, इक्षु, अपूप, संग्राम, संघात, प्रवास, निवास, उपवास आदि।

★ देवतान्तात्तदर्थे 7-1-22

सूत्रार्थ → तदर्थ = तस्याः चतुर्थ्याः अर्थः यस्य स तदर्थः (चतुर्थी विभक्ति का अर्थ)

देवता अन्त वाले चतुर्थी अन्त शब्द से 'तदर्थ' अर्थ में य प्रत्यय।

eg. अग्निदेवतायै इदम् अग्निदेवत्यम्। पितृदेवत्यम् देवदेवत्यम्।

★ पाद्यार्घ्ये 7-1-23

सूत्रार्थ पाद्य और अर्घ्य ये शब्द य प्रत्ययान्त निपातन होते हैं।

eg. 1. पादाभ्यां इदम् = पाद्यं जलम्। जल अर्थ निपातन। निपातन होने 3-2-96 से पद् आदेश नहीं हुआ।

2. अर्घ = मूल्य, पूजन। अर्घाय इदं अर्घ्यम् रत्नं पूजोपकरणं वा।

★ ण्योऽतिथेः 7-1-24

सूत्रार्थ चतुर्थ्यन्त अतिथि शब्द से 'तदर्थ' अर्थ में ण्य प्रत्यय।

eg. अतिथये इदं आतिथ्यम्।

★ सादेश्चा तद्: 7-1-25

सूत्रार्थ 'तद् 7-1-50' सूत्र तक जो प्रत्यय कहे जाएँगे, वे सादे: = पूर्वपद सहित और च= केवल प्रकृति से होते हैं।

★ हलस्य कर्षे 7-1-26

कृष् धातु + अधिकरण अर्थ में घञ् प्रत्यय। = कर्ष: = हल द्वारा खोदा हुआ मार्ग।

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त हल शब्द से कर्ष अर्थ में य प्रत्यय।

eg. हलस्य कर्ष: = हल्या। द्वयो: हलयो: कर्ष: = द्विहल्या।

विशेष हेमलिङ्गानुशासन नपुंसक लिंग प्रकरण के प्रथम श्लोक से य अंत वाले शब्द नपुंसक लिंग में होते हैं किन्तु बहुलाधिकार से पुं पुल्लिंग और स्त्रीलिंग भी होते हैं।

★ सीतया संगते 7-1-27

सूत्रार्थ तृतीयान्त सीता शब्द से संगत अर्थ में य प्रत्यय।

सीता = हल से की हुई रेखा।

eg. सीतया संगतं = सीत्यम्। तिसृभि: सीताभि: संगतं त्रिसीत्यम्।

★ ईय: 7-1-28

सूत्रार्थ 'तद् 7-1-50' सूत्र तक कहे जाने वाले अर्थों में ईय प्रत्यय अधिकृत जानना।

★ हविरन्नभेदाऽपूपादे र्यो वा 7-1-29

सूत्रार्थ हवि के भेद वाचक शब्द, अन्न के भेद वाचक शब्द और अपूप आदि शब्दों से 'तद् 7-1-50' तक कहे जाने वाले अर्थों में य: प्रत्यय विकल्प से अधिकृत किया जाता है। (ईय का अपवाद)

eg. 1. आमिक्षायै इदं दधि आमिक्ष्यम् आमिक्षीयम् (आमिक्षा = फटे दूध का छेना, छेने के लिए यह दही) (हविर्भेद)

2. ओदनाय इमे ओदन्या: ओदनीया: तण्डुला: (चावल के लिए कच्चे चावल) (अन्न भेद) भात

3. अपूपाय इदं अपूप्यम्, अपूपीयम्

4. यवापूपाय इदं यवापूप्यम्, यवापूपीयम् (सादे: 7-1-25 के अधिकार से)

★ उवर्ण-युगादेर्यः 7-1-30

सूत्रार्थ — उवर्णान्त अने युगादि शब्दों थीसे 'तद् 7-1-50' सु तक के अर्थों में य प्रत्यय।

eg. शङ्कवे इदं शङ्कव्यं दारु (खीले के लिए लकड़ी)
युगाय हितं युग्यं। हविषे इदं हविष्यम्।

→ अष्टका बर्हिस्, मेधा, स्रुच्-स्रुच्, बीज, कूप, अक्षर, खर, असुर

★ नाभे र्नभ् चादेर्हांशात् 7-1-31

सूत्रार्थ — देह के अंश सिवाय के नाभि शब्द से 'तद् 7-1-50' तक के अर्थों में य प्रत्यय। और नाभि शब्द का नभ् आदेश।

eg. नाभ्ये नाभ्यै वा हितः नभ्यः अक्षः (बैलगाड़ी की धौंसरी), नभ्यं अञ्जनम्।

प्रति उदाहरण — अदेर्हांशादिति किम्? क्या नाभि शब्द देह के अंश सिवाय के अर्थ में ही चाहिए? हाँ

eg. नाभये नाभ्यै वा हितं नाभ्यं तैलम् - पेट दुःखने का तेल। 7-1-37 से य प्रत्यय

★ न् चोधसः 7-1-32

सूत्रार्थ — 'तद् 7-1-50' तक के अर्थों में ऊधस् शब्द से य प्रत्यय होता है। और ऊधस् के ऊधस् का न् होता है।

eg. ऊधसे हितं ऊधन्यम्। ऊधस् = गाय के थन

★ शुनो वश्चोदूत् 7-1-33

सूत्रार्थ — 'तद् 7-1-50' तक के अर्थों में श्वन् शब्द से य प्रत्यय और व का उ और ऊ होता है।

eg. शुने हितं शुन्यम् शून्यम्।

★ कम्बलाच्च संज्ञायाम् 7-1-34

सूत्रार्थ — कम्बल शब्द से 'तद् 7-1-50' तक के अर्थों में संज्ञा के विषय में य प्रत्यय।

eg. कम्बल शब्द यहाँ माप-मान वाचक है।
कम्बलः अस्य स्यात् 'तद् 7-1-50' कम्बल्यं ऋणापित्वशतम्।
1 कम्बल्य = 100 ऋणापित्व

प्रतिउदाहरण — संज्ञायाम् इति किम्? क्या कम्बल शब्द माप का संज्ञा वाचक ही होना चाहिए? हाँ.

eg. कम्बलाय इमे इति कम्बलीया ऊर्णा (कंबल बनाने के लिए ऊन)

★ तस्मै हिते 7-1-35

सूत्रार्थ तस्मै= चतुर्थ्यन्त शब्द से हित अर्थ में अधिकृत प्रत्यय होते हैं।

eg. 1. वत्साय हितः = वत्सीयः (7-1-28 सूत्र से ईय प्रत्यय)

2. आमिक्षायै इदं = आमिक्ष्यम् (7-1-29 से य प्रत्यय)

3. युगाय हितः = युग्यः (7-1-30 से य प्रत्यय)

★ न राजा-ऽऽचार्य-ब्राह्मण-वृष्णः 7-1-36

सूत्रार्थ चतुर्थ्यन्त इन नामों से हित अर्थ में अधिकृत प्रत्यय नहीं होता।

eg. राज्ञे, आचार्याय, ब्राह्मणाय, वृष्णे वा हित इति वाक्यमेव।

★ प्राण्यङ्ग-रथ-खल-तिल-यव-वृष-ब्रह्म-माषाद् यः 7-1-37

सूत्रार्थ प्राणि अंग के अर्थ वाले और रथादि चतुर्थ्यन्त शब्दों से हित अर्थ में य प्रत्यय।

eg. दन्तेभ्यः हितं दन्त्यम्। रथाय हिता रथ्या भूमिः। खलाय हितं खल्यं तमः। तिल्यम्। यव्यम्। वृष्यं क्षीरम् (बछड़े के लिए हितकारी दूध)। ब्रह्मण्यो देशः। माष्यः वातः। राजमाष्यः (सादेः अधिकार से)

★ अव्यजात् थ्यप् 7-1-38

सूत्रार्थ अवि अज शब्द से हित अर्थ में थ्यप् प्रत्यय।

eg. अविभ्यो हितं अविथ्यम्। अजेभ्यो हितं अजथ्यम्। (अवि= भेड़)

→ पित् पुंवद् भाव के लिए। अजाभ्यो हिता अजथ्या यूतिः (बकरी के लिए हितकारी जूथ)

★ चरक-माणवादीनञ् 7-1-39

सूत्रार्थ चरक और माणव शब्द से हित अर्थ में ईनञ् प्रत्यय।

eg. 1. चरकः ऋषिः। चरकेण प्रोक्तं चारकः (वेदः) ⇒ चरक + अण् 'तेन प्रोक्ते 6-3-181'

⇒ चारकः (चरक ऋषि द्वारा कहे गए शास्त्र वेद)

चारकं वेत्ति अधीते वा इति चारकः। ⇒ चारकः + अण् 'तद् वेत्त्यधीते 6-2-117'

चारक + अण् 'प्रोक्तात् 6-2-129' से अण् लोप
⇒ चारक चारक 'कठादिभ्यो वेदे लुप् 6-3-183' से पहले अण् का भी लोप।
⇒ चरक: ऋ = चरक ऋषि के वेद को जानने या पढ़ने वाला।
चरकाय हित: = चारकीण:।

2. प्राणव: ऋषि: । प्रक्रिया पूर्ववत् ⇒ प्राणव: = प्राणव ऋषि के शास्त्र को जानने या पढ़ने वाला
प्राणवाय हित: प्राणवीन:।

★ भोगोत्तरपदा-ऽऽत्मभ्यामीन: 7-1-40
सूत्रार्थ भोग है उत्तरपद जिसका ऐसे सामासिक शब्द और आत्मन् शब्द से हित अर्थ में ईन प्रत्यय।
eg. 1. मातृभोग: मातृभोग: तस्मै हित: मातृभोगीण:। आत्मने हित: आत्मनीन:। पितृभोगीण:..

★ पञ्च-सर्व-विश्वाज्जनात् कर्मधारये 7-1-41
सूत्रार्थ पञ्च, सर्व और विश्व शब्द का जन शब्द के साथ कर्मधारय समास हो तो जन शब्द से हित अर्थ में ईन प्रत्यय।
eg. पञ्च च ते जनाश्च = पञ्चजना: (पञ्चजन = रथकार, यह ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र के बाद पाँचवां वर्ण माना जाता है।) पञ्चजनाय हित: पाञ्चजनीन:। सार्वजनीन:, विश्वजनीन:
प्रतिउदाहरण कर्मधारये इति किम्? क्या कर्मधारय समास हो तो ही प्रत्यय होगा? हाँ
eg. पञ्चानां जन: = पञ्चजन: तस्मै हित: पञ्चजनीय:, ईय अधिकृत प्रत्यय।

★ महत्-सर्वादिकण् 7-1-42
सूत्रार्थ महत् और सर्व शब्द का जन शब्द के साथ कर्मधारय समास होतो जन शब्द से हित अर्थ में इकण् प्रत्यय।
eg. महाजनाय हित: माहाजनिक:। सार्वजनिक:।

★ सर्वाण्णो वा 7-1-43
सूत्रार्थ सर्व शब्द से पर हित अर्थ में ण प्रत्यय। विकल्प से होता है।
eg. सार्व:, सर्वीय:।

★ ण प्रत्यय से पर स्त्रीलिंग का आप् प्रत्यय।
अण् प्रत्यय से पर स्त्रीलिंग का ङी प्रत्यय।

→ जनात् और कर्मधारय के अधिकार की निवृत्ति।

★ परिणामिनि तदर्थे 7-1-44

सूत्रार्थ चतुर्थ्यन्त ऐसे शब्द से परिणामी अर्थ में 'तदर्थ' अर्थ होने पर अधिकृत प्रत्यय होता है। अर्थात् परिणाम वाचक शब्द से परिणामी अर्थ में प्रत्यय।

eg. अङ्गारेभ्य: इमानि अङ्गारीयाणि काष्ठानि → अंगारे परिणाम, काष्ठ परिणामी है और काष्ठ अंगारे बनाने के लिए ही है।

★ चर्मण्यञ् 7-1-45

सूत्रार्थ चतुर्थ्यन्त शब्द से परिणामी चर्म अर्थ में 'तदर्थ' अर्थ हो तो अञ् प्रत्यय।

eg. वध्र्यै चर्म = वार्ध्रं चर्म (वध्र के लिए चमड़ा)। वारत्रं चर्म।

★ ऋषभोपानहाञ्ञ्य: 7-1-46

सूत्रार्थ चतुर्थ्यन्त ऋषभ और उपानह् शब्द से 'परिणामी तदर्थ' अर्थ में ञ्य प्रत्यय।

eg. 1. ऋषभाय वत्स: = आर्षभ्यो वत्स: (बैल बनने के लिए बछड़ा)

2. उपानहे मुञ्ज: = औपनह्यो मुञ्ज: (उपानह के लिए घास)।

विशेष प्र. उपानह् व्यञ्जनान्त शब्द है तो मूल सूत्र में 'ऋषभोपानहात्' ऐसा पंचमी वि. का रूप कैसे किया?

उ. ऋषभश्च उपानद् च एतयो: समाहार: ऋषभोपानहम् 'चवर्ग-द-ष-ह: समाहारे 7-3-98' से अत् समासान्त प्रत्यय होने से अकारान्त जैसे रूप हुए।

★ छदिर्बलेरेयण् 7-1-47

सूत्रार्थ छदिस् बलि चतुर्थ्यन्त शब्द 'परिणामी तदर्थ' अर्थ में एयण् प्रत्यय।

eg. छदिस = छापरा, छदिषे इमानि छादिषेयाणि तृणानि। बलये इमे बालेया: तण्डुला:।

★ परिखाऽस्य स्यात् 7-1-48

सूत्रार्थ प्रथमान्त परिखा शब्द से षष्ठी के अर्थ में परिणामी अर्थ होने पर एयण् प्रत्यय होता है, यदि वह परिखा संभावना करने योग्य हो तो।

eg. परिखा = खाई। परिखा आसां इष्टकानां स्यात् ⇒ परिखा + ख्यण् = पारिखेय + ङी
⇒ पारिखेयी बहु. पारिखेय्य: इष्टका:

इन ईंटों की खाई हो सकती है ⇒ ईंट परिणामी, खाई परिणाम, परिखा प्रथमान्त, स्यात् शब्द से संभावना अर्थ है, षष्ठी का अर्थ।

प्रतिउदाहरण (1) स्यादिति किम्? संभावना ही होना चाहिए? हाँ

eg. परिखा इष्टकानां = ईंटों की खाई है।

★ अत्र च 7-1-49

सूत्रार्थ परिखा स्यात्' ऐसी संभावना वाले प्रथमान्त परिखा शब्द से सप्तमी वि. के अर्थ में ख्यण् प्रत्यय।

eg. परिखा स्यात् अस्यां इति पारिखेयी भूमि:।
परिखा + ख्यण् + ङी

– परिणामिनि और तदर्थ का अधिकार निवृत्त।

★ तद् 7-1-50

सूत्रार्थ 'स्यात्' ऐसी संभावना करने लायक प्रथमान्त नाम से परिणामी षष्ठी अर्थ में और सप्तमी के अर्थ में अधिकृत प्रत्यय।

eg. 1. षष्ठ्यर्थे- प्राकार: स्यात् आसां इष्टकानां प्राकारीया इष्टका: (7-1-28 से ईय प्रत्यय)
(परिणाम) (परिणामी)
परशु: स्यात् अस्य अयस: पारशव्यमय: परशु = कुल्हाड़ी
(7-1-30 से य प्रत्यय)

2. सप्तम्यर्थे- प्रासाद: स्यात् अस्मिन् देशे प्रासादीयो देश:

– 'ईय 7-1-28' की अवधि पूर्ण।

★ तस्याऽर्हे क्रियायां वत् 7-1-51

सूत्रार्थ तस्य = षष्ठ्यन्त नाम से क्रियारूप योग्य अर्थ में वत् प्रत्यय।

eg. राज्ञ: अर्हं राजवत् (राजा के योग्य क्रिया) | कुलीनवत्, साधुवत्।

प्रतिउदाहरण क्रियायामिति किम्? क्या क्रिया रूप योग्य अर्थ ही चाहिए? हाँ

eg. राज्ञोऽर्हं मणि: = राजा के योग्य मणि। यहाँ मणि क्रिया नहीं है, वस्तु है।

★ स्यादेरिव 7-1-52

सूत्रार्थ स्यादि अन्त वाले नाम से सादृश्य क्रिया के अर्थ में वत् प्रत्यय।

eg. 1. अश्ववत् याति चैत्रः अश्वः इव।

2. देवं इव देववत् पश्यन्ति मुनिम्।

3. साधुना इव साधुवद् आचरितं चैत्रेण।

4. ब्राह्मणाय इव ब्राह्मणवद् दत्तं क्षत्रियाय।

5. पर्वताद् इव पर्वतवद् अवरोहति आसनात्।

6. प्रासादे इव उपाश्रये वसति प्रासादवत्। (षष्ठी वि. सिवाय सभी विभक्ति)

★ तत्र 7-1-53

सूत्रार्थ तत्र=सप्तम्यन्त नाम से पर इव अर्थ में वत् प्रत्यय।

eg. स्रुघ्ने इव स्रुघ्नवत् साकेते परिखा = स्रुघ्न देश की तरह साकेत नगर में भी खाई है।

मथुरायां इव मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्रासादाः।

विशेष → 'तत्र' मूल सूत्र में पञ्चम्यन्त पद है। पञ्चमी वि. का लोप हुआ है।

→ ऊपर 51 और 52 सूत्र में क्रिया का सादृश्य था। यहाँ द्रव्य/वस्तु का सादृश्य है।

★ तस्य 7-1-54

सूत्रार्थ तस्य= षष्ठ्यन्त नाम से पर इव अर्थ में वत् प्रत्यय।

eg. चैत्रस्य इव चैत्रवद् मैत्रस्य भ्रूः।

विशेष ① 'तस्य' मूल सूत्र भी लुप्तपञ्चम्यन्त पद है।

② यहाँ भी वस्तु/द्रव्य का सादृश्य है, क्रिया का नहीं।

③ तत्र और तस्य सूत्र एक साथ भी बना सकते थे किन्तु तस्य का अधिकार आगे ले जाने के लिए अलग किया।

★ भावे त्व-तल् 7-1-55

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त नाम से भाव में त्व और तल् प्रत्यय होते हैं।

शब्द की प्रवृत्ति का हेतु रूप जो गुण, वह भाव। जैसे- 'साधु' शब्द की प्रवृत्ति का हेतु भूत गुण 'साधुता'।

PAGE NO.
DATE / /

गो: भाव: गोत्वम् , गोता । शुक्लस्य भाव: शुक्लत्वम् , शुक्लता ।

विशेष eg. (1) हेमलिङ्गानुशासन नपुंसकलिंग प्रकरण श्लोक 9 से त्व अन्त वाले सभी शब्द नपुंसक लिंग में होते हैं।

(2) लित् प्रत्ययान्त सभी स्त्रीलिंग होते हैं। इसलिए तल् प्रत्यय के बाद तुरंत आप् प्रत्यय लग जाएगा।

★ प्राक् त्वादगडुलादे: 7-1-56

सूत्रार्थ 'ब्रह्मणस्त्व: 7-1-77' सूत्र से पहले के सूत्रों में त्व और तल् प्रत्यय अधिकृत जानना, किन्तु गडुलादि शब्दों से त्व-तल् नहीं करना।

प्रतिउदाहरण गडुलादिवर्जनं किम्? गडुलादि क्यों छोड़े? क्योंकि गडुलादि से अन्य प्रत्यय होंगे।

eg. गाडुल्यम् - 7-1-60 से ट्यण् प्रत्यय।

कामण्डल्वम् - कमण्डलु शब्द कमण्डल्वा: भाव: 7-1-69 से अण् प्रत्यय 'अस्वयम्भुवोऽव् 7-4-70' से अव्

→ गडुलादि - गडुल (कुबड़ा), विशस्त (कटा हुआ, प्रख्यात, अशिष्ट), दायाद (उत्तराधिकारी), बालिश, संवादिन्, बहुभाषिन्, शीर्षघातिन्, कमण्डलु । (कमण्डलु सिवाय सबको 7-1-60 से ट्यण्)

→ केचित् गडुलादे: अपि त्व-तल् इच्छन्ति। तन्मते गडुलत्वम् गडुलता इत्यादि।

★ नञ्तत्पुरुषादबुधादे: 7-1-57

सूत्रार्थ '7-1-77' सूत्र से पहले नञ् तत्पुरुष समास से पर त्व-तल् ही होते हैं। उन-उन सूत्रों में बताए हुए प्रत्यय नहीं होते। किन्तु बुधादि शब्द सिवाय अर्थात् बुधादि शब्दों से नञ् तत्पुरुष समास में भी त्व-तल् नहीं होते।

eg. 1. न शुक्ल: इति अशुक्ल: तस्य भाव: अशुक्लत्वं अशुक्लता। ट्यण् नहीं होगा।
अशौक्ल्यम् में पहले ट्यण् लगाकर फिर नञ् लगाया है।

2. अपते: भाव: अपतित्वम् अपतिता।

प्रतिउदाहरण अबुधादेरिति अबुधादेरिति किम्? बुधादि शब्द से उन-उन सूत्रों में बताए हुए प्रत्यय करना।

eg. बोधतेय: इति बुध: 'नाम्युपान्त्य-प्री-कृ-गृ-ज्ञ: क: 5-1-54' से कर्ता अर्थ में क प्रत्यय
न बुध: इति अबुध: तस्य भाव: आबुध्यम् 7-1-60 से ट्यण्

→ बुधादि - बुध, चतुर, संगत, लवण, रस, यथा, तथा, यथातथ, ईश्वर, क्षेत्रज्ञ, संवादिन्,

संभाषिन्, बहुभाषिन्, शीर्षघातिन्, परमस्थ, मध्यस्थ, दुष्पुरुष, कापुरुष, विशाल आदि
इन सभी से के नञ् तत्पुरुष समास से 'राजादि गण पाठ 7-1-60' से ट्यण्।

★ पृथ्वादेरिमन् वा 7-1-58

सूत्रार्थ पृथ्व पृथु आदि शब्दों से भाव में इमन् प्रत्यय विकल्प से होता है, विकल्प में त्व-तल् और उन-उन सूत्र में बताए हुए प्रत्यय भी।

eg.1. पृथु + इमन् 7-4-39 से ऋ → र
प्रथु + इमन् 'त्र्यन्त्यस्वरादे: 7-4-43' से उ लोप
प्रथिमा, पृथुत्वम्, पृथुता, पार्थवम् (7-1-69 से अण्)

2. म्रदिमा, मृदुत्वम्, मृदुता, मार्दवम्

→ पृथ्वादि- पृथु, मृदु, पटु, तनु, लघु, बहु, साधु, ऋरु, गुरु, पाण्डु, बाल, होड, स्वादु, ऋजु, कटु आदि।

★ वर्ण-दृढादिभ्यष्ट्यण् च वा 7-1-59

सूत्रार्थ वर्ण विशेष वाचक शब्द और दृढादि शब्दों से भाव में ट्यण् च=इमन् वा= त्व-तल (अंग) और उन-उन सूत्रों में आने वाले प्रत्यय।

eg. शुक्लस्य भाव: शौक्ल्यम्, शुक्लिमा, शुक्लत्वम्, शुक्लता।
शिते: भाव: शैत्यम्, शितिमा, शितित्वम्, शितिता, शैतम् '7-1-69 से अण्'।

→ दृढादि – दृढ, वृढ(समर्थ), परिवृढ, कृश, भृश, लवण, शीत, उष्ण, जड, मूक, मूर्ख, पण्डित, मधुर आदि।

★ पति-राजान्त-गुणाङ्ग-राजादिभ्य: कर्मणि च 7-1-60

सूत्रार्थ पति अन्त वाले शब्द, राजा अन्त वाले शब्द, गुणाङ्ग और राजादि शब्दों से भाव और कर्म (क्रिया) अर्थ में ट्यण् प्रत्यय और प्राक् त्वात् के अधिकार से त्व-तल् प्रत्यय।

गुणाङ्ग= गुण है अंग (प्रवृत्ति का निमित्त) जिसका ऐसे शब्द। जैसे- मूढ, विदु विद्वान्, आदि।

eg.1. पत्यन्त- अधिपते र्भाव: कर्म वा अधिपत्यं, अधिपतित्वम् अधिपतिता।

2. राजान्त- अधिराजस्य भाव: कर्म वा आधिराज्यं, अधिराजत्वं अधिराजता।

3. गुणाङ्ग - मूढस्य भाव: कर्म वा- मौढ्यम्, मूढत्वम्, मूढता।

PAGE NO.
DATE / /

5. राजादि- राज्ञः भावः कर्म वा राज्यं, राजत्वं राजता।
→ राजादि- राजन् कवि ब्राह्मण चोर धूर्त्त कुशल चपल निपुण पिशुन स्वस्थ विश्वस्त विफल पुरोहित बाल मन्द होड आदि।

★ अर्हतस्तो न्त् च 7-1-61

सूत्रार्थ अर्हत् शब्द से भाव और कर्म अर्थ में ष्यण् प्रत्यय, प्राक् त्वात् के अधिकार से त्व-तल् प्रत्यय और ष्यण् प्रत्यय पर अर्हत् के त् का न्त होता है।

eg. अर्हतः भावः कर्म वा आर्हन्त्यम्, अर्हत्त्वम्, अर्हत्ता।

★ सहायाद् वा 7-1-62

सूत्रार्थ सहाय से पर ष्यण् प्रत्यय भाव और कर्म अर्थ में विकल्प से होता है, विकल्प में 7-1-72 से अकञ् प्रत्यय, प्राक् त्वात् के अधिकार से त्व-तल् प्रत्यय।

eg. सहायस्य भावः कर्म वा साहाय्यम्, साहायकम्, सहायत्वम्, सहायता।

★ सखि-वणिग्- दूताद् यः 7-1-63

सूत्रार्थ सखी, वणिज्, दूत शब्द से भाव और कर्म अर्थ में य प्रत्यय, प्राक् त्वात् के अधिकार से त्व-तल्।

eg. 1. सख्युः भावः कर्म वा सख्यम्, सखित्वम्, सखिता।
2. वणिजः भावः कर्म वा वणिज्यम् वणिक्त्वम् वणिक्ता वाणिज्यम् (राजादि आकृति गण)
3. दूतस्य भावः कर्म वा दूत्यम्, दूतत्वम्, दूतता, दौत्यम् (राजादि आकृति गण ष्यण्)

★ स्तेनान्नलुक् च 7-1-64

सूत्रार्थ स्तेन शब्द से तस्य भावः कर्म अर्थ में य प्रत्यय और उसके योग में न का लोप। प्राक् त्वात् से त्व-तल्। राजादि आकृति गण 7-1-60 से ष्यण्।

eg. स्तेनस्य भावः कर्म वा स्तेयम्, स्तेनत्वम्, स्तेनता, स्तैन्यम्

★ कपि- ज्ञातेरेयण् 7-1-65

सूत्रार्थ कपि और ज्ञाति अर्थ से भाव और कर्म अर्थ में एयण् प्रत्यय। प्राक् त्वात् से त्व-तल्

eg. कापेयम्, कपित्वम्, कपिता। ज्ञातेयम्, ज्ञातित्वम्, ज्ञातिता।

विशेष ① कपि को 7-1-69 से अण् की प्राप्ति का बाध और ② ज्ञाति को 7-1-66 से अञ् की प्राप्ति का बाध कर ढयण् की प्राप्ति के लिए यह सूत्र बनाया।

★ प्राणिजाति-वयोऽर्थादिञ् 7-1-66

सूत्रार्थ प्राणिजातिवाचक नाम और वय अर्थ वाले नाम से भाव और कर्म अर्थ में अञ् प्रत्यय।

eg. अश्वस्य भावः कर्म वा आश्वम् अश्वत्वम् अश्वता। कुमारस्य भावः कर्म वा कौमार्य, कुमारत्वं, कुमारता
हस्तिनः भावः कर्म वा हास्तम् 'नोऽपदस्य तद्धिते 7-4-61' से अन्त्यस्वरादि का लोप।

★ युवादेरण् 7-1-67

सूत्रार्थ युवादि शब्दों से भाव और कर्म अर्थ में अण् प्रत्यय।

eg. यूनः भावः कर्म वा यौवनम्, युवत्वम्, युवता। स्थाविरम्, स्थविरत्वम्, स्थविरता।

विशेष ① प्र. 7-1-66 में हस्तिन् के न् का लोप किया तो युवन् में क्यों नहीं किया?
उ. युवन् में 7-4-61 सूत्र नहीं लगकर 7-4-52 सूत्र लगता है।
② युवन् शब्द चौरादि गणपाठ में आने से 7-1-73 सूत्र से यौवनिका रूप भी बनता है।
③ युवन् शब्द सामान्यग्रहण होने से स्त्रीलिंग में युवति शब्द के भाव और कर्म में यही रूप होंगे।
④ युवादि – युवन्, स्थविर, यजमान, श्रमण, श्रवण, परिव्राजक, सब्रह्मचारिन्, सुहृत्, दुहृत्, चपल, कुशल, निपुण, पिशुन, कुतूहल, क्षेत्रज्ञ, भ्रातृ, सुष्ठु, दुष्ठु, कर्तृ, कुलीन आदि।
→ श्रमण, पिशुन, निपुण, कुशल, चपल आदि को राजादि गणपाठ 7-1-60 से ट्यण् प्रत्यय भी।

★ हायनान्तात् 7-1-68

सूत्रार्थ हायन् अन्त वाले शब्दों से भाव और कर्म अर्थ में अण् प्रत्यय।

eg. द्वे हायने यस्य स द्विहायनः तस्य भावः कर्म वा द्वैहायनम्, द्विहायनत्वम्, द्विहायनता

विशेष ये नाम वयवाचक नहीं हैं। यदि ये वयवाचक बनेंगे तो 'प्राणिजाति-वयोऽर्थादिञ् 7-1-66' से अञ् प्रत्यय होगा। अञ् प्रत्यय होने पर 'त्रिचतुर्भ्यो हायनस्य वयसि 2-3-75' से न् का ण् होगा। अण् प्रत्यय पर न् का ण् नहीं होगा।

PAGE NO.
DATE / /

★ ऋवर्णाल्लिवादेः 7-1-69

सूत्रार्थ — लघु स्वर है पास में जिनके ऐसे इ, उ, ऋ अन्तवाले नामों से तस्य भाव-कर्म अर्थ में अण् प्रत्यय।

eg. शुचेः भावः कर्म वा शौचम्, शुचित्वम्, शुचिता। शुचि इकारान्त
हरीतकी → हारीतकम्। पटु – पाटवम्। वधू – वाधवम्। पितृ = पैत्रम्। मौलम्। (ऋ लघु स्वर)

प्रतिउदाहरण — लघ्वादेरिति किम्? पास में लघु स्वर ही होना चाहिए।

eg. पाण्डु – उकारान्त है किन्तु पास में गुरु स्वर है।

★ पुरुषहृदयादसमासे 7-1-70

सूत्रार्थ — असमास के विषय वाले पुरुष और हृदय शब्द से भाव और कर्म अर्थ में अण् प्रत्यय।

eg. पौरुषम्, पुरुषत्वम्, पुरुषता। हार्दम् '3-2-94' से हृद् आदेश।

प्रतिउदाहरण — असमास इति किम्? क्या समास सिवाय का ही शब्द चाहिए? हाँ

eg. परमश्चासौ पुरुषश्च परमपुरुषः तस्य भावः परमपुरुषत्वम्। परमपौरुषम् नहीं होगा।

★ श्रोत्रियाद् यलुक् च 7-1-71

सूत्रार्थ — श्रोत्रिय शब्द से भाव और कर्म अर्थ में अण् प्रत्यय और अण् प्रत्यय पर य का लोप।

eg. छन्दः अधीते = श्रोत्रियः छन्दः 'छन्दोऽधीते श्रोत्रश्च वा 7-1-173' से इय प्रत्यय
श्रोत्रियः और छन्द → श्रोत्र

तस्य भावः कर्म वा श्रोत्रिय + अण् ⇒ श्रौत्रम्, श्रोत्रियत्वम्, श्रोत्रियता, श्रौत्रियकम्
(चौरादि 7-1-73)

★ योपान्त्याद् गुरूपोत्तमादसुप्रख्यादकञ् 7-1-72

सूत्रार्थ — जिस शब्द में तीन या अधिक स्वर हों, उसके अन्त्य स्वर को उत्तम कहते हैं। उत्तम के समीप वाला स्वर = उपोत्तम। उपोत्तम स्वर गुरु है जिसका ऐसे य उपान्त्य वाले सुप्रख्य शब्द को छोड़कर शेष नाम से भाव और कर्म अर्थ में अकञ् प्रत्यय होता है।

eg. रमणीय → य उपान्त्य, उपोत्तम स्वर ई गुरु ⇒ रामणीयकम्। आचार्यकम्।

प्रतिउदाहरण (1) गुरूपोत्तमादिति किम्? उपोत्तम स्वर गुरु ही चाहिए।

eg. क्षत्रियत्वम् – इ ह्रस्व-लघु, कायत्व → तीन स्वर ही नहीं हैं।

(2) असुप्रख्यादिति किम्? सुप्रख्य शब्द छोड़कर अन्य शब्दों से अकञ् प्रत्यय।

eg. सुष्ठु प्रचष्टे = सुप्रख्य: सु + प्र + ख्या + ड: ~~आतो डोऽह्वा-मा~~ 'उपसर्गादातो डोऽश्य: 5-1-56'
⇒ सुप्रख्य: तस्य भाव: कर्म वा सुप्रख्यत्वम्, सौप्रख्यम्
↓
गुणाङ्गत्वात् ट्यण् 7-1-60

★ चौरादे: 7-1-73

सूत्रार्थ चौरादि शब्दों से भाव और कर्म अर्थ में अकञ् प्रत्यय।

eg. चौरिका, चौरकं, चौरत्वम्, चौरता, चौर्यम् (राजादि-7-1-60 ट्यण्)

→ चौरादि - चौर, युवन्, धूर्त, शरपत्र, मनोज्ञ, प्रियरूप, बहुल, मेधाविन्, ~~कल~~ कल्याण, सुकुमार, छात्र, वृद्ध, अवश्यम् आदि।

विशेष - ① चौर से शरपत्र शब्द तक स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग दोनों होंगे। (हैमलिङ्गानुशासन स्त्री - नपुंसकलिङ्ग प्रकरण श्लोक 3)

② मनोज्ञ से अवश्य शब्द तक नपुंसकलिंग ही होंगे। (हैमलिङ्गानुशासन नपुंसकलिङ्ग प्रकरण श्लोक 9)

★ द्वन्द्वाल्लित् 7-1-74

सूत्रार्थ द्वन्द्व समास से भाव और कर्म अर्थ में लित् अकञ् प्रत्यय। लित् स्त्रीलिङ्ग के लिए।

eg. वि = पक्षी। विश्च ना च विनर:, तयो: विन्नो: भाव: कर्म वा वैन्रिका, विनृत्वम्, विनृता

★ गोत्र-चरणाच्छ्लाघा-ऽत्याकार-प्राप्त्यवगमे 7-1-75

सूत्रार्थ गोत्र अर्थ और चरण अर्थ वाले नामों से भाव और कर्म अर्थ में लित् अकञ् प्रत्यय होता है, यदि श्लाघा, अत्याकार (पर का अपमान), प्राप्ति या अवगम अर्थ का विषय हो तो।

eg. 1. गर्गस्यं वृद्धापत्यं गार्ग्य: 'गर्गादि यञ् 6-1-42'। तस्य भाव: कर्म वा गार्गिका 'तद्धितयस्वरेऽनाति 2-4-92' से य लोप। तया गार्गिकया ~~श~~ श्लाघते।
लित् अकञ् होने से आप् प्रत्यय हुआ, पूर्व के अ का इ 'अस्याऽयत्-तत्-क्षिपका-दीनाम् 2-4-111' से।

2. कठ: ऋषि:। व्याकरण में ऋषि के नामों को चरण वाचक नामों में लिया है।
काठिका पूर्ववत्।

प्रतिउदाहरण श्लाघादिषु इति किम्? श्लाघादि अर्थ में ही अकञ् प्रत्यय होता है।
eg. गार्ग्यस्य: भाव: कर्म वा गार्ग्यम् 'प्राणिजाति-वयोऽर्थादिम् 7-1-66' से प्राणिजाति लक्षण में अञ् । एवं काठम्।

★ होत्राभ्य ईय: 7-1-76
सूत्रार्थ होत्रा = ऋत्विग् विशेष । होत्रा अर्थ वाले नाम से भाव और कर्म अर्थ में ईय प्रत्यय होता है।
eg. मित्रश्च वरुणश्च मित्रावरुणं 'वेद सहश्रुताऽवायुदेवतानाम् 3-2-51' से आ। ~~तस्य भाव: कर्म च मैत्रावरुण:~~ मित्रावरुणौ देवते यस्य स मैत्रावरुण: । तस्य भाव: कर्म वा मैत्रावरुणीयम् । मित्र और वरुण देव के नाम हैं। प्राक् त्वात् के अधिकार से त्व-तल् भी।

★ ब्रह्मणस्त्व: 7-1-77
सूत्रार्थ ऋत्विक् अर्थ वाले ब्रह्मन् शब्द से भाव और कर्म अर्थ में त्व प्रत्यय।
eg. ब्रह्मत्वम्। 7-1-76 से होने वाले ईय का अपवाद किया।
विशेष- ब्राह्मणवाचक या ब्रह्मा वाचक ब्रह्मन् शब्द से भाव में त्व-तल् दोनों होंगे।
→ प्राक् त्वात् का अधिकार पूर्ण हुआ।

★ शाकट-शाकिनौ क्षेत्रे 7-1-78
सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त नाम से क्षेत्र अर्थ में शाकट और शाकिन प्रत्यय।
eg. इक्षूणां क्षेत्रं = इक्षुशाकटम् (इक्षु का खेत)। एवं शाकशाकिनम् (सब्जी का खेत)।
विशेष क्षेत्र का अर्थ धान्य की ~~उत्प~~ उत्पत्ति में आधार भूमि लेना है, शरीर अर्थ ग्रहण नहीं करना।

★ धान्येभ्य ईनञ् 7-1-79
सूत्रार्थ धान्य अर्थ वाले षष्ठ्यन्त नाम से क्षेत्र अर्थ में ईनञ् प्रत्यय।
eg. मुद्गानां क्षेत्रं मौद्गीनम्, कौद्रवीणम्।

★ व्रीहि-शालेरेयण् 7-1-80
सूत्रार्थ व्रीहि और शालि शब्द से क्षेत्र अर्थ में एयण् प्रत्यय। ईनञ् का अपवाद।

eg. व्रीहिणां क्षेत्रं व्रैहेयम्, शाल्येयम्।

★ सूत्रार्थ
यव-यवक-षष्टिकाद् यः 7-1-81
षष्ठ्यन्त ऐसे यव-यवक और षष्टिक शब्द से य क्षेत्र अर्थ में य प्रत्यय।

eg. 1. यवानां क्षेत्रं यव्यम्।
2. यवानां सदृश तुल्याः यवकाः 'तस्य तुल्ये कः संज्ञा-प्रतिकृत्योः 7-1-108' से क प्रत्यय।
यवकानां क्षेत्रं यवक्यम्।
3. षष्टि-रात्रेण पच्यमानाः षष्टिकाः = जो धान्य 60 रात्री तक पकाना पड़े।
षष्टिकानां क्षेत्रं षष्टिक्यम्। → क प्रत्यय सूत्र सामर्थ्य से।

★ सूत्रार्थ
वाऽणु-माषात् 7-1-82
षष्ठ्यन्त अणु और माष शब्दों से क्षेत्र अर्थ में य प्रत्यय विकल्प से होता है; विकल्प में 'धान्येभ्य ईनञ् 7-1-79' से ईनञ् प्रत्यय।

eg. अणु = राई। तस्य क्षेत्रं अणव्यम्, आणवीनम्। एवं माष्यम्, माषीणम्।

★ सूत्रार्थ
उमा-भङ्गा-तिलात् 7-1-83
उमा-भङ्गा और तिल शब्द से क्षेत्र अर्थ में य प्रत्यय विकल्प से होता है, विकल्प में 'धान्येभ्य ईनञ् 7-1-79' से ईनञ् प्रत्यय।

eg. उमा = हत्थी या अतसी। तस्याः क्षेत्रं = उम्यम्, औमीनम्
भङ्गा = भांग। तस्याः क्षेत्रं भङ्ग्यम्, भाङ्गीनम्
तिलानां क्षेत्रं = तिल्यम्, तैलीनम्।
→ 7-1-82 से अलग सूत्र नीचे अधिकार ले जाने के लिए बनाया।

★ सूत्रार्थ
अलाबूश्च करो रजसि 7-1-84
षष्ठ्यन्त ऐसे अलाबू और च = उमा, भङ्गा, तिल शब्द से रज अर्थ में कट प्रत्यय।

eg. अलाबू = तुंबड़ा। रज = धूल, चूर्ण, आटा।
अलाबूनां रजः अलाबूकटं। एवं उमाकटम्, भङ्गाकटम्, तिलकटम्

PAGE NO.
DATE / /

★ अह्ना गम्येऽश्वादीनञ् 7-1-85

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त ऐसे अश्व शब्द से एक दिन द्वारा गम्य अर्थ में ईनञ् प्रत्यय।

eg. अश्वस्य एकेन अह्ना गम्यः आश्वीनः अध्वा।
→ यहाँ मास आदि अन्य कालवाचक शब्द नहीं लेना।

★ कुलाज्जल्पे 7-1-86

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त कुल शब्द से जल्प अर्थ में ईनञ् प्रत्यय।

eg. कुलस्य जल्पः कौलीनः (कुलवान् व्यक्ति की आवाज)

★ पील्वादेः कुणः पाके 7-1-87

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त पीलु आदि शब्दों से पाक अर्थ कुण प्रत्यय।

eg. पीलूनां पाकः पीलुकुणः, एवं शमीकुणः।
→ पीलु आदि- पीलु (वृक्ष विशेष), कर्कन्धु, शमी, बदर (बेर), अश्वत्थ (पीपल), करीर (रेगिस्तान का वृक्ष), खदिर (आदि)

★ कर्णादेर्मूले जाहः 7-1-88

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त ऐसे ~~अह्न~~ कर्णादि शब्द से मूल अर्थ में जाह प्रत्यय।

eg. कर्णयो मूलं कर्णजाहं। एवं अक्षिजाहम्।
→ कर्णादि- आस्य वक्त्र नख मुख केश दन्त ओष्ठ भ्रू शृङ्ग पाद गुल्फ पुष्प फल।

★ पक्षात्तिः 7-1-89

सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त पक्ष शब्द से मूल अर्थ में जाह प्रत्यय।

eg. पक्षस्य जाह मूलं ~~पक्षजाहम्।~~ पक्षतिः

★ हिमादेलुः सहे 7-1-90

सूत्रार्थ हिम शब्द से 'सहन करने वाला' अर्थ में एलु प्रत्यय।

eg. हिमस्य सहः, हिमं सहमानः हिमेलुः।

★ वत्स-वातादूल: 7-1-91

सूत्रार्थ वत्स और वात शब्द से सह अर्थ में ऊल प्रत्यय।

eg. वत्सस्य सह: वत्सूल:। वातूल:।

★ शीतोष्णातृप्रादालुरसहे 7-1-92

सूत्रार्थ शीत, उष्ण, और तृप्र शब्द से 'सहन नहीं करने वाले' अर्थ में आलु प्रत्यय।

eg. शीतस्य असह: शीतालु:। उष्णालु:। तृप्रालु:। (तृप्र= दु:ख)

★ यथामुख-संमुखादीनस्तद् दृश्यतेऽस्मिन् 7-1-93

सूत्रार्थ प्रथमान्त ऐसे यथामुख और संमुख शब्द से 'अस्मिन् दृश्यते' अर्थ में ईन प्रत्यय।

eg. यथामुख= प्रतिबिम्ब। यथामुखं दृश्यतेऽस्मिन् = यथामुखीन आदर्श।

समं मुखं अथवा समं मुखं अस्य अनेन इति संमुख: = प्रतिबिम्ब। संमुखीन:।

★ सर्वादि: पथ्यङ्ग-कर्म-पत्र= पात्र-शरावं व्याप्नोति 7-1-94

सूत्रार्थ सर्व शब्द पूर्वक ऐसे पथिन्, अंग, कर्म, पत्र, पात्र, शराव शब्द द्वितीयान्त होतो व्याप्नोति अर्थ में ईन ~~होते~~ प्रत्यय।

eg. सर्वश्चासौ पन्थाश्च सर्वपथ: 'ऋक्-पू:-पथ्यपोऽत् 7-3-76' से अत् समासान्त

'नोऽपदस्य तद्धिते 7-4-61' से पथिन् के इन् का लोप

तं सर्वपथं व्याप्नोति सर्वपथीन: रथ: (सभी ~~रह~~ रास्तों पर घूमने वाला रथ)

सर्वपथीनं उदकं (सभी रास्तों पर भरा पानी)

सर्वाङ्गीण: ताप:। सर्वकर्मीणो ना। सर्वपत्रीणो यन्ता (सभी वाहन चलाने वाला सारथि)

सर्वपात्रीणं भक्तम्। सर्वशरावीणमोदनम्।

★ आप्रपदम् 7-1-95

~~सूत्रार्थ पदं अन्वायता इति आप्रपदम् 'दैर्घ्येऽनु: 3-1-34' से समास (पैर तक लंबे)~~

सूत्रार्थ आ पादाग्राद् इति आप्रपदम् (पैर के आगे भाग तक लंबा)

'पर्यपा-ऽऽऽऽ-बहिरच् पञ्चम्या' 3-1-32 से अव्ययीभाव समास।

आप्रपद शब्द से व्याप्नोति अर्थ में ईन प्रत्यय। आप्रपदीन: पट:।

* अनुपदं बद्धा 7-1-96

सूत्रार्थ द्वितीयान्त ऐसे अनुपदं शब्द से बद्ध अर्थ में ईन प्रत्यय। eg.

eg. (अम् अन्त वाले) पदं अनु आयत्ता 'दैर्घ्येऽनुः 3-1-34' से अव्ययीभाव समास।

अनुपदं (पैर तक लंबा)

अनुपदं बद्धा इति अनुपदीना उपानत् (पैर तक लंबे मोजे)

* अयानयं नेयः 7-1-97

सूत्रार्थ द्वितीयान्त अयानय शब्द से नेय अर्थ में ईन प्रत्यय।

eg. 1. अय= सीधे हाथ की तरफ गमन ~~इसका~~ अनय= उल्टे हाथी की ओर गमन

अयानयं नेयः अयानयीनः शारः (पासा; द्यूत में कुछ पासे सीधे, कुछ उल्टे हाथ की तरफ जाते हैं)

अय = शुभ भाग्य & अनय = अशुभ भाग्य

2. जिस क्रिया में शुभ भाग्य से अशुभ का परिवर्तन हो अथवा दूर हो, ऐसा जो शांतिकर्म, चतुः शरण प्रतिपत्ति, अमारि घोषणा, देवगुरु पूजा, तप, दान, ब्रह्मचर्य आदि अयानय कहे जाते हैं। वे नियम जिसके द्वारा किए जाने चाहिए नेय= कारयितव्य, वह अयानयीनः ईश्वरः।

* सर्वान्निमत्ति 7-1-98

सूत्रार्थ द्वितीयान्त ऐसे सर्वान्न शब्द से अत्ति अर्थ में ईन प्रत्यय।

सर्व शब्द के दो अर्थ- प्रकार और कार्त्स्न्य (संपूर्ण)

eg. सर्वप्रकारं अन्नं सर्वान्नम् तदत्ति इति सर्वान्नीनः भिक्षुः (सभी प्रकार के अन्न खाने वाला भिक्षु)

~~सर्वं अन्नं सक सर्वं समस्तपादः~~ अन्नं च सर्वान्नं तदत्ति सर्वान्नीनः भिक्षुः (सभी अन्न, पूर्ण अन्न खाने वाला)

* परोवरीण-परम्परीण-पुत्रपौत्रीणम् 7-1-99

सूत्रार्थ 'अनुभव करता है' अर्थ में ये शब्द ईन अन्त वाले निपातन होते हैं।

eg. 1. परांश्च अवरांश्च अनुभवति परोवरीणः। अवर के अ → उ निपातन।

2. परांश्च परतरांश्च अनुभवति परम्परीणः। परंपर आदेश निपातन।

3. पुत्रांश्च पौत्रांश्च अनुभवति पुत्रपौत्रीणः। ईन प्रत्यय निपातन।

★ यथाकामा-ऽनुकामा-त्यन्तं गामिनि 7-1-100

सूत्रार्थ अम् अन्त वाले इन नामों से गामी=जाने वाला अर्थ में ईन प्रत्यय।

eg. कामस्यानुरूपं यथाकामं। यथाकामं गामी यथाकामीन: ~~गामी~~।

एवं ~~अनुगा~~ अनुकामीन:। अत्यन्तं गामी अत्यन्तीन:।

★ पारावारं व्यस्त-व्यत्यस्तं च 7-1-101

सूत्रार्थ अम् अन्त वाले ~~इन~~ पार अवार शब्द समस्त, व्यस्त, व्यत्यस्त योग में गामी अर्थ में ईन प्रत्यय।

eg. 1. समस्त= पारावार। अवारस्य ~~पर~~ पारं = पारावार: 'राजदन्तादिषु 3-1-159' से पूर्वनिपात समास।
पारावारं गामी = पारावारीण: (समुद्र तट जाने वाला)

2. व्यस्त= पार, अवार। पारं गामी पारीण:, अवारं गामी अवारीण:।

3. व्यत्यस्त= अवारपार। अवारपारं गामी अवारपारीण:।

★ अनुग्वलम् 7-1-102

सूत्रार्थ अम् अन्त वाले अनुगु शब्द से अलम् गामी अर्थ में ईन प्रत्यय।
अलम्= पर्याप्त भृश

eg. गवां पश्चात् अनुगु 3-1-39 से समास, 'क्लीबे 2-4-97' से ह्रस्व
'अनुगु अलं गामी अनुगवीनो गोप: 'अस्वयम्भुवोऽव् 7-4-70' से उ→अव्।

★ अध्वानं येनौ 7-1-103

सूत्रार्थ द्वितीयान्त ऐसे अध्वन् शब्द से अलं गामी अर्थ में य और ईन प्रत्यय।

eg. अध्वानं अलं गामी अध्वन्य: 'अनोऽह्ये ये 7-4-51'
अध्वनीन: 'ईनेऽध्वाऽऽत्मनो: 7-4-48' से अन्त्यस्वरादि का लोप न हुआ।

★ अभ्यमित्रमीयश्च 7-1-104

सूत्रार्थ अम् अन्त वाले अभ्यमित्र शब्द से अलं गामी अर्थ में ईय, य, ईन प्रत्यय।

eg. अमित्रस्य अभि= अभ्यमित्रं। अभ्यमित्रं अलं गामी अभ्यमित्रीय:, अभ्यमित्र्य:, अभ्यमित्रीण:
दुश्मन तरफ सामने अत्यंत जाने वाला।

PAGE NO.
DATE / /

★ समांसमीना-ऽद्यश्वीना-ऽद्यप्रातीना-ऽऽगवीन-साप्तपदीनम् 7-1-105

सूत्रार्थ इन अन्त वाले ये निपात हैं, साप्तपदीन ईनन् प्रत्ययान्त है।

1. समा= वर्ष। समां समां धारयति गर्भं इति समांसमीना गौः (हरसाल गर्भ धारण करनेवाली)
'कालाध्वनोर्व्याप्तौ 2-2-52' से द्वितीया। वीप्सा में द्वित्व। नेमनाम्नैकार्थ्ये समासो बहुलम् 3-1-18' से समास।

2. अद्य श्वो वा विजनिष्यमाणा अद्यश्वीना गौः (आज या कल में प्रसव करने वाली)

3. अद्य प्रातर्वा भविष्यति अद्यप्रातीनः लाभः (आज या सुबह होने वाला)

4. आगो प्रतिदानं कारी आगवीनः कर्मकृत् (गाय प्राप्त न हो तब तक कर्म करने वाला नौकर)
'अपर्यपा-ऽऽ-बहिरञ्चः पञ्चम्या 3-1-32' से समास। प्रतिदान का लोप निपात।

5. सप्तभिः पदैः अवाप्यं साप्तपदीनं सख्यम् (सात कदम जाकर प्राप्त करने वाले)
ईनञ् प्रत्यय निपात।

★ अषडक्षा-ऽऽशितंग्वलङ्कर्मा-ऽलंपुरुषादीनः 7-1-106

सूत्रार्थ इन शब्दों से स्वार्थ में ईन प्रत्यय।

eg. 1. अविद्यमानानि षडक्षीणि अस्मिन् 'अषडक्षीण 'सक्थ्यक्ष्णः स्वाङ्गे 7-3-126' से ट समासान्त फिर ईन प्रत्यय। (छ आँखें जिसमें न हो अर्थात् कोई गुप्त वस्तु)
अषडक्षीणः मन्त्रः कन्दुको वा।
'अविद्यमानानि षडक्षीणि अस्य अषडक्षीण (अक्षि=इंद्रिय) (5 इंद्रिय + मन जिसमें न हो अर्थात् उपयोग बिना की या विचार बिना की प्रवृत्ति।)

2. आशिताः गावः यस्मिन् आशितंगु, निपातन से म् आगम।
आशितंगवीनं वनम् (जहाँ गाय पेट भरकर चरे)

3. अलं कर्मणे = अलङ्कर्मीणः } '3-1-47' से समास

4. अलं पुरुषाय= अलंपुरुषीणः } (हर कार्य के लिए समर्थ)

★ अदिक्स्त्रियां वाऽञ्चः 7-1-107

सूत्रार्थ अञ्च् अन्त वाले नामों से स्वार्थ में ईन प्रत्यय विकल्प से होता है, यदि वह स्त्रीलिंग दिशावाचक न हो तो।

eg. प्राक् एव = प्राचीनं, प्राक्। प्राक् शब्द से 7-2-113 से था प्रत्यय, 7-2-123 से लोप।

प्राची एव = प्राचीना शाखा, प्राची
सम्यक् एव = समीचीन 'सह-सम: सध्रि-समि 3-2-123' से समि आदेश।

प्रतिउदाहरण. अदिक् स्त्रियां इति किम्? दिशावाचक स्त्रीलिंग शब्दों में नहीं होगा।
eg. प्राची दिक्

★ तस्य तुल्ये क: संज्ञा-प्रतिकृत्यो: 7-1-108
सूत्रार्थ षष्ठ्यन्त नाम से तुल्य अर्थ में क प्रत्यय होता है, संज्ञा और प्रतिकृति के विषय में
eg. अश्वस्य तुल्य: अश्वक:। प्रतिकृति = काष्ठादिमय प्रतिच्छन्दक (पुतला)
अश्वस्य प्रतिमा अश्विका प्रतिमा।
अश्वस्य रूपं अव अश्वकं रूपम्।

न नृ-पूजार्थ-ध्वज-चित्रे 7-1-109
सूत्रार्थ मनुष्य-पूजा की विषयक, ध्वज और चित्रकर्म अर्थ में क प्रत्यय नहीं होता।
eg. इन अर्थों 'वह यही है सोऽयम्' अर्थ होता है।
eg. 1. चञ्चा = घास का मनुष्य जो खेत में रखा जाता है।
(i) चञ्चातुल्य: पुरुष: चञ्चा। एवं वाध्रिका, खरकुटी
2. अर्हत: प्रतिमा अर्हन् (यही अरिहंत हैं।) एवं शिव: [पूजार्थ]
3. [ध्वज] - सिंह:, ताल:, गरुड: ध्वज:
4. [चित्र] - दुर्योधन: भीम:।

★ अपण्ये जीवने 7-1-110
सूत्रार्थ जीव्यते येन इति जीवनम्। जिसके द्वारा जीया जाए, उसे 'बेचने लायक न हो तो' क प्रत्यय नहीं होता।
eg. 1. शिवस्य तुल्य: शिव:। कोई शिव का भक्त है, वह शिव की कृपा से ही जीता है। और शिव की प्रतिमा जो उसके घर में है, वह बेचने लायक भी नहीं है क्योंकि वह भगवान है। इसलिए शिवस्य तुल्या शिवा प्रतिमा; क प्रत्यय न होगा।

प्रतिउदाहरण अपण्य इति किम्? क्या बेचने लायक वस्तु नहीं होना चाहिए। हाँ,
eg. हस्तिन: तुल्य: हस्तिक:। तान् हस्तिकान् विक्रीणीते। कोई व्यक्ति हाथी के पुतले बनाकर

बनाकर बेचता है इसलिए वह जीवन है और बेचने लायक है। इसलिए क प्रत्यय लगा।

देव-पथादिभ्यो 7-1-111

★ सूत्रार्थ देवपथ आदि शब्दों से संज्ञा-प्रतिकृति अर्थ में क नहीं होता।

eg. देवानां पन्थाः देवपथः 7-3-76 से अत् समासान्त।

देवपथस्य तुल्यः देवपथः

→ देवपथादि- देवपथ, हंसपथ, राजपथ, हंस, इन्द्र, दण्ड, पथ्य, मत्स्य आदि।

बस्तेरेयञ् 7-1-112

★ सूत्रार्थ वस्ति शब्द से तस्य तुल्य अर्थ में एयञ् प्रत्यय होता है।

eg. वस्ति= वादी। वास्तेयी प्रणालिका= इसकी प्रणालिका वादी जैसी है।

शिलाया एयच्च 7-1-113

★ सूत्रार्थ शिला शब्द से तस्य तुल्य अर्थ में एयच् प्रत्यय। च= एयञ् प्रत्यय।

eg. शिलेयं दधि= शिला जैसा घन दही।

शैलेय दधि। शिलेयी इष्टका, शैलेयी इष्टका।

शाखादेर्यः 7-1-114

★ सूत्रार्थ शाखा आदि शब्दों से तुल्य अर्थ में य प्रत्यय।

eg. शाखायाः तुल्यः शाख्यः। मुखस्य तुल्यः मुख्यः (सभी अंगों में जैसे मुख प्रधान है, वैसा ही जो प्रधान हो वह मुख्य)

→ शाखादि- जघन (जघन्य), स्कन्ध, मेघ, शृङ्ग, चरण, शरण, उरस्, शिरस्, अग्र आदि

द्रो भव्ये 7-1-115

★ सूत्रार्थ द्रु शब्द से भव्य अर्थ में य प्रत्यय।

भव्य = विशिष्टपरिणामेन भवति, विशिष्ट ऐसे इष्ट परिणाम से जो हो।

eg. ① द्रु = लकड़ी। द्रोः तुल्यं = द्रव्यं (जैसे गांठ और वक्रता बिना की लकड़ी का संस्कार करे तब द्रव्य अयं ना)

वह विशिष्ट इष्ट रूप वाली होती है वैसे ही शिष्य या पुत्र अच्छी तरह पढ़ता हुआ विद्या-लक्ष्मी-कीर्ति-महिमा का भाजन होता है. वह शिष्य या पुत्र द्रव्य कहा जाता है)

(2) द्रव्यं स्वर्णादि- सोना वगैरह भी इसी प्रकार इष्ट रूप में परिणत होते हैं।

(3) द्रु = वृक्ष / द्रव्यं राजपुत्रः = जैसे वृक्ष पुष्प-फल आदि से अर्थी को कृतार्थ करता है वैसे जो दूसरों को कृतार्थ करता है वह।

प्रतिउदाहरण भव्य इति किम् ? द्रव्य शब्द भव्य अर्थ में ही होता है।

eg. द्रुतुल्योऽयं न चेतयते = वृक्ष जैसे यह चेतना वाला नहीं है। यहाँ भव्य अर्थ न होने से द्रव्य नहीं हुआ।

★ कुशाग्रादीयः 7-1-116

सूत्रार्थ कुशाग्र शब्द से तुल्य अर्थ में ईय प्रत्यय।

eg. कुश = घास अग्र = अग्रभाग।

कुशाग्रस्य तुल्या = कुशाग्रीया बुद्धिः = जैसे घास का अग्र भाग तीक्ष्ण होता है वैसी तीक्ष्ण, सूक्ष्म बुद्धि।

कुशाग्रीयं शस्त्रम्।

★ काकतालीयादयः 7-1-117

सूत्रार्थ ईय प्रत्ययान्त ये शब्द तस्य तुल्य अर्थ में निपातन होते हैं।

eg.(1) काकतालीयम् = काकश्च तालश्च काकतालम् तस्यतुल्यं काकतालीयम्।

जैसे कोई कौआ अन्न ताड़ वृक्ष पर बैठे और वह अचानक गिर जाए, कौआ की ताकत नहीं की ताड़ वृक्ष को गिरा दे किन्तु अचानक गिर जाए। उसके तुल्य ... ।

(2) घुणाक्षरीयम् => घुण = लकड़ी का कीड़ा घुणस्य अक्षराणि घुणाक्षराणि तेषां तुल्यं घुणाक्षरीय। लकड़ी का कीड़ा लकड़ी को खा-खाकर उसमें आड़ी-तिरछी लाइने बनाता है, वह लाइन बहुत सुंदर लगती है, किन्तु घुण को पता नहीं था कि वह ऐसे अक्षर बना रहा है, इसी प्रकार मूर्ख व्यक्ति को कोई तत्त्व समझ में आ जाए तो उसे 'घुणाक्षरीय' कहा जाता है।

(3) खलतिबिल्वीयम् = खलति => गंजा सिर, टाल बिल्व = एक फल। टाल पर फल का गिरना।

→ ~~आश्चर्यकारी~~ आश्चर्यकारी विषयवाले प्रसंग ऐसे शब्दों से वाच्य बनते हैं।

PAGE NO.
DATE / /

★ शर्करादेरण् 7-1-118

सूत्रार्थ शर्करादि शब्दों से तुल्य अर्थ में अण् प्रत्यय।

eg. शर्करायाः तुल्यं शार्करं दधि मधुरत्वात्। शार्करी मृत्तिका कठिनत्वात्।

→ गोपुच्छ गोलोमन् पुण्डरीक शतपत्र नकुल सिकता आदि।

★ अः सपत्न्याः 7-1-119

सूत्रार्थ सपत्नी शब्द से तुल्य अर्थ में अ प्रत्यय।

eg. सपत्न्याः तुल्यः सपत्नः (सौत जैसा) समानः पतिः यस्याः सा सपत्नी।

